संख्या–4200/9–3–14–149डब्लू/88

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम,
गाजियाबाद/अलीगढ़/मुरादाबाद।

नगर विकास अनुभाग–3 लखनऊ दिनॉक: 9 सितम्बर, 2014

विषयः– नगर निगम, मुरादाबाद अलीगढ़ एवं गाजियाबाद में वर्ष, 2008 में सृजित किये गये नगर अभियन्ता(जल) सम्प्रति महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, के एक–एक पदों (कुल–तीन) अस्थायी पदों के निरन्तरता की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1857/9–3–2008–149डब्लू/88 दिनांक 08 जुलाई, 2008 के कम में निर्गत शासनादेश संख्या–395/9–3–2009–149डब्लू/08 दिनांक 08 फरवरी, 2010, शासनादेश संख्या–1133/9–3–2010–149डब्लू/08 दिनांक 28 जून, 2010 एवं शासनादेश संख्या–3998/9–3–14–149डब्लू/08 दिनांक 13 अगस्त, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा नगर निगम, गाजियाबाद तथा अलीगढ़ में उ0प्र0 पालिका और जल संस्थान जलकल अभियन्त्रण (केन्द्रीयित) सेवा के अधिशासी अभियन्ता (जल) के एक–एक पद तथा नगर निगम, मुरादाबाद में सहायक अभियन्ता(जल) के एक पद को आस्थगित करते हुए नगर अभियन्ता (जल) के 03 अस्थायी पदों के सृजन (वेतनमान रू0 14,300–400–18,300/पुनरीक्षित वेतनमान रू0 37,400–67,000, ग्रेड वेतन रू0 8700) की स्वीकृति/पदों की निरन्तरता की स्वीकृति दिनांक 28.02.2014 तक के लिए प्रदान की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में श्री राज्यपाल महोदय नगर निगम, गाजियाबाद, अलीगढ़ तथा मुरादाबाद में सृजित किये गये एक–एक नगर अभियन्ता (जल) सम्प्रति महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम के (कुल–03) अस्थायी पदों को दिनांक 01.03.2014 से 28.02.2015 तक की अवधि के लिए बढ़ाए जाने/निरन्तरता की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. यह आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के कार्यालय–ज्ञाप संख्या–ए–2–2574/दस–98–24(8)/92, दिनॉक 02 दिसम्बर, 1998 के द्वारा एक वर्ष तक अस्थायी पदों की अवधि बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिहित किये गये अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

संख्या व दिनॉक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3. महापौर, नगर निगम, गाजियाबाद/अलीगढ़/मुरादाबाद।
4. वित्त(व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–8/वित्त(लेखा) अनुभाग–2/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2।
5. महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद/अलीगढ़/मुरादाबाद।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

A.b-G.O-2.